MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR नगरपालिका कलानौर

E-mail ID- secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in Off Tel. No. 01258-299022, 299422

## सार्वजनिक सूचना/मुनादी (नगरपालिका कलानौर)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका कलानौर क्षेत्र में मैन बाजार, मैन रोड़ व अन्य रोड़ों पर बने नालों/नालियों पर रैम्प व शैड बनाकर और सड़क के किनारों पर अपना सामान/विज्ञापन बोर्ड/रेहडी/फड़ी/वाहन खड़े करके मार्ग को अवरूद्ध करके अस्थाई तौर पर कब्जा किया हुआ है, जिससे प्रतिदिन मैन रोहतक–भिवानी रोड़ व बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है और आमजन को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इस सम्बन्ध में सभी कलानौरवासियों व दुकानदारों को निर्देश दिए जाते है कि सभी नालों/नालियों पर बने रैम्प व शैड और सड़क के किनारों से अपना सामान/विज्ञापन बोर्ड/रेहडी/फड़ी/वाहन तुरंत प्रभाव से हटाना सुनिश्चित करें अन्यथा नगरपालिका कलानौर द्वारा सामान/विज्ञापन बोर्ड/रेहडी/फड़ी/वाहनों को जब्त करते हुए चालान व रैम्प/शैड इत्यादि को अपने स्तर हटवा दिये जायेगें, जिसके हर्जे–खर्चे के आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचित रहे।

सचिव
नगरपालिका कलानौर।

पृ0 क्रमांकः– एम0सी0के0/2025/ 1990-93 दिनांकः– 28/4/25

इसकी एक–एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित हैः–

1. थाना प्रबन्धक, कलानौर।
2. प्रधान, नगरपालिका कलानौर।
3. समस्त पार्षदगण, नगरपालिका कलानौर।
4. व्यापार मण्डल, कलानौर।

सचिव
नगरपालिका कलानौर।

Scanned with CamScanner